दिनांकः 23.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- आज होने वाली नीट–पी.जी. प्रवेश परीक्षा स्थगित–नई तारीख जल्द होगी घोषित।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में हाईटेक सिटी की कार्य योजना बनाने के अधिकारियों को दिये निर्देश–तीन एलिवेटेड रोड का प्लान भी तैयार करने को कहा।
- 18वीं लोकसभा का पहला सत्र कल से–26 जून को होगा लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव।
- आई.सी.सी. टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में भारत ने बांग्लादेश को पचास रन से हराया–भारतीय टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के निकट पंहुची।

....................

आज होने वाली नीट–पी.जी. प्रवेश परीक्षा स्थगित कर दी गई है। परीक्षा की नई तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह निर्णय कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के हाल के आरोपों के बाद लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि मेडिकल विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा संचालित नीट–पी.जी. प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया का समग्र आकलन कराने का फैसला किया गया है।

उधर, नीट परीक्षा परिणामों को लेकर उठे विवाद के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है। भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को एन.टी.ए. महानिदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

वहीं, शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट–यूजी 2024 में कथित अनियमितताओं का मामला व्यापक जांच के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई को सौंप दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता और विद्यार्थियों का हित सुनिश्चित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि कोई व्यक्ति या संगठन इस मामले में शामिल पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि एन.टी.ए. ने पिछले महीने की पांच तारीख को नीट यूजी परीक्षा आयोजित की थी। परिणाम आने के बाद परीक्षा में अनियमितता बरते जाने और जालसाजी के आरोप लगे थे। इस बीच, बिहार पुलिस ने नीट–यू.जी. परीक्षा 2024 में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में झारखण्ड के देवघर जिले से छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

....................

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कहा है कि समय से कर अंतरण, वित्त आयोग अनुदान और जी.एस.टी. क्षतिपूर्ति बकाया की केंद्रीय सहायता का उद्देश्य राज्यों के विकास को गति देना है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में कल हुई जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में श्रीमती सीतारमण ने ये बात कही। बैठक में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने जीएसटी से जुड़े हुए राजस्थान हित के मुद्दों पर राज्य का पक्ष रखा। इससे पहले, श्रीमती सीतारमन ने राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा भी की। बैठक में श्रीमती सीतारमन ने राज्यों से केन्द्र की विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अधिकांश ऋण समायोजी हैं। कुछ ऋणों के लिए जन केन्द्रित सुधार और क्षेत्र विशेष पूंजीगत परियोजनाएं लागू करने की शर्त है। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और राजस्थान सहित अन्य राज्यों के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री मौजूद रहे।

......................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में हाईटेक सिटी की कार्य योजना बनाने के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। कल जयपुर विकास प्राधिकरण की पूर्ण और प्रगतिरत विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने तीन नये एलिवेटेड रोड़ का प्लान तैयार करने के भी निर्देश दिये। इनमें एयरपोर्ट से टोंक रोड, आगरा रोड–रिंग रोड कनेक्टिविटी और रेलवे स्टेशन से सीकर रोड तक कनेक्टिविटी के

लिए एलिवेटेड रोड शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सवाईमानसिंह अस्पताल में बन रहे आईपीडी टावर की पार्किंग निर्माण के लिए कार्य योजना बनाने को भी कहा। बैठक में नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

...............

जोधपुर के जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग ने कैडमियम से होने वाले नुकसान को देखते हुए प्राकृतिक अवरोधक लिए वास्ते अनुसंधान किया है। हमारे जोधपुर संवाददाता ने बताया कि अनुसंधान में सामने आया कि ज्वार में कैडमियम को सोंखने की सबसे ज्यादा क्षमता होती है। इसके लिए इंडस्ट्री और नदी–नालों के आस–पास ज्वार लगाकर कैडमियम को हटाया जा सकता है।

...............

18वीं लोकसभा का पहला सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान नव–निर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी। प्रोटेम स्पीकर और वरिष्ठ भाजपा सांसद भतृर्हरि महताब लोकसभा के नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव 26 जून को होगा। 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण होगा। संसद सत्र अगले महीने की तीन तारीख तक चलेगा।

...............

भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान घना में अब सैलानियों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि का भुगतान करना होगा। यह व्यवस्था घना प्रशासन की ओर से लागू की गई है। इसके साथ ही उद्यान में भ्रमण करने के लिए दो पर्यटकों को गाइड लेना भी अनिवार्य कर दिया है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...............

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर राजस्थान को आवंटित कोल ब्लॉक्स पारसा ईस्ट और कांता बासन–पीईकेबी, परसा तथा केंते एक्सटेंशन से कोयला खनन में आ रही बाधाओं को दूर करने में आवश्यक सहयोग देने का आग्रह किया है। श्री नागर ने अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के पहले दिन कल मुख्यमंत्री निवास पर श्री साय से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से पीईकेबी ब्लॉक से करीब 34 हैक्टेयर भूमि से कोयले का खनन शुरू हो पाया है। इस ब्लॉक से रोजाना नौ रैक प्राप्त हो रही हैं। इससे राजस्थान के कोयले की समस्या दूर हुई है।

...............

आई.सी.सी. टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में कल भारत ने बांग्लादेश को पचास रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने बीस ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 196 रन बनाए। बांग्लादेश की टीम आठ विकेट पर 146 रन पर ही सिमट गई। हार्दिक पंड्या को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस जीत के साथ ही भारत सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के निकट पंहुच गया है और बांग्लादेश इस दौड़ से बाहर हो गया है।

...............

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू ने जुलाई 2024 सत्र से अस्पताल और स्वास्थ्य प्रबंधन कार्यक्रम की शुरूआत की है। प्रबंधन कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए शैक्षणिक योग्यता किसी भी विषय में स्नातक रखी गयी है। इन कार्यक्रमों की न्यूनतम अवधि 2 वर्ष और अधिकतम अवधि 4 वर्ष रखी गई है। यह कार्यक्रम पूरी तरह अंग्रेजी माध्यम में उपलब्ध रहेगा। विद्यार्थियों को इन कार्यक्रमों में बिना किसी परीक्षा के प्रवेश दिया जाएगा। इग्नू ने जुलाई सत्र 2024 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। नये प्रवेश और पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जून रखी गयी है।

.......................